# अध्याय – 2 | भारत का भौतिक स्वरूप

QUIZ PART-02

1. **हिमालय पर्वत भूगर्भीय दृष्टि से किस प्रकार का है?**
   A. प्राचीन पर्वत
   B. युवा पर्वत
   C. पठारी क्षेत्र
   D. ज्वालामुखी क्षेत्र (B)

*व्याख्या :* हिमालय पर्वत भूगर्भीय दृष्टि से युवा पर्वत हैं और संरचनात्मक रूप से मुड़े हुए हैं।

2. **हिमालय पर्वत श्रृंखला की कुल लंबाई कितनी है?**
   A. लगभग 1,800 किमी
   B. लगभग 2,000 किमी
   C. लगभग 2,400 किमी
   D. लगभग 3,000 किमी (C)

*व्याख्या :* हिमालय पर्वत श्रृंखला लगभग 2,400 किमी लंबाई में फैली हुई है।

3. **महान हिमालय का औसत ऊँचाई स्तर कितना है?**
   A. 3,000 – 4,000 मीटर
   B. 4,500 – 5,000 मीटर
   C. लगभग 6,000 मीटर
   D. 7,000 मीटर से अधिक (C)

*व्याख्या :* महान हिमालय (हिमाद्रि) की औसत ऊँचाई लगभग 6,000 मीटर है।

4. **महान हिमालय का मूल भाग किससे निर्मित है?**
   A. बलुआ पत्थर
   B. ग्रेनाइट
   C. चूना पत्थर
   D. शेल (B)

*व्याख्या :* महान हिमालय का मूल भाग ग्रेनाइट से निर्मित है।

5. **पीर पंजाल श्रृंखला किस हिमालयी भाग में आती है?**
   A. महान हिमालय
   B. लघु हिमालय
   C. शिवालिक
   D. पूर्वांचल (B)

*व्याख्या :* पीर पंजाल श्रृंखला लघु हिमालय (हिमाचल हिमालय) का हिस्सा है।

6. **शिवालिक की ऊँचाई सामान्यतः कितनी होती है?**
   A. 300 – 500 मीटर
   B. 600 – 800 मीटर
   C. 900 – 1100 मीटर
   D. 1500 – 2000 मीटर (C)

*व्याख्या :* शिवालिक की ऊँचाई 900 से 1100 मीटर तक होती है।

7. **सतलुज और काली नदियों के बीच स्थित हिमालयी भाग को क्या कहते हैं?**
   A. पंजाब हिमालय
   B. कुमाऊँ हिमालय
   C. नेपाल हिमालय
   D. असम हिमालय (B)

*व्याख्या :* सतलुज और काली नदियों के बीच स्थित हिमालयी भाग कुमाऊँ हिमालय कहलाता है।

8. **दून घाटियाँ कहाँ पाई जाती हैं?**
   A. महान हिमालय और लघु हिमालय के बीच
   B. लघु हिमालय और शिवालिक के बीच
   C. नेपाल और असम हिमालय के बीच
   D. पूर्वांचल पर्वतमाला में (B)

*व्याख्या :* दून घाटियाँ (जैसे देहरादून, कोटली दून) लघु हिमालय और शिवालिक के बीच पाई जाती हैं।

9. **पूर्वांचल की पहाड़ियाँ किस प्रकार की चट्टानों से बनी हैं?**
   A. ज्वालामुखीय चट्टानें
   B. ग्रेनाइट
   C. अवसादी बलुआ पत्थर
   D. कायांतरित चट्टानें (C)

*व्याख्या :* पूर्वांचल की पहाड़ियाँ मज़बूत बलुआ पत्थरों से बनी अवसादी चट्टानें हैं।

10. **काली और तिस्ता नदियों के बीच का हिमालयी भाग किस नाम से जाना जाता है?**
    A. पंजाब हिमालय
    B. कुमाऊँ हिमालय
    C. नेपाल हिमालय
    D. असम हिमालय (C)

*व्याख्या :* काली और तिस्ता नदियों के बीच स्थित हिमालयी भाग नेपाल हिमालय कहलाता है।

DESH KA APNA SCHOOL